पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से भेंट कर मुख्यमंत्री सहित अन्य लोगों ने होली की अग्रिम बधाई दी

राज्यपाल ने समर्पण वृद्धाश्रम, लखनऊ को बस भेंट की

लखनऊः 24 मार्च, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधान परिषद के सभापति श्री कुंवर मानवेन्द सिंह, उप मुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा, मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल, जिलाधिकारी लखनऊ श्री अभिषेक प्रकाश एवं सेना के अधिकारियों ने मिलकर होली की अग्रिम बधाई दी।

इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली की अग्रिम बधाई दी तथा उनकी सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन के दैनिक वेतन एवं आउट सोर्सिगं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया।

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल ने भारतीय जीवन बीमा निगम के जोनल कार्यालय, कानपुर द्वारा प्रदत्त बस को झण्डी दिखा कर संस्था समर्पण वृद्धाश्रम, गायत्री परिवार आदिल्यनगर, लखनऊ को भेंट किया।

———

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (189/34)

राज्यपाल से विधान परिषद सभापति श्री कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने शिष्टाचार भेंट कर होली की अग्रिम बधाई दी

राज्यपाल से विधान परिषद सभापति श्री कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने शिष्टाचार भेंट कर होली की अग्रिम बधाई दी

राज्यपाल ने भारतीय जीवन बीमा निगम, जोनल कार्यालय, कानपुर द्वारा समर्पण वृद्धाश्रम गायत्री परिवार, आदित्यनगर, लखनऊ को प्रदत्त वाहन का फ्लैग आॅफ किया

राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने शिष्टाचार भेंट कर होली की अग्रिम बधाई दी